**बिहार सरकार**

# पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

## पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार

**ऑफ पोलो रोड, पटना– 800001**

## निविदा आमंत्रण सूचना

सोनपुर (सारण) में पशुधन मेला 2025, जो **दिनांक 3 नवम्बर, 2025** से प्रारंभ होकर **दिनांक 4 दिसम्बर, 2025** तक चलेगा, के अवसर पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार द्वारा संस्थापित किये जाने वाले पैवेलियन के निर्माण के लिए अनुभवी/ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठानों से अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय मुहरबन्द निविदाएं दिनांक **19 अगस्त, 2025** के **3:00 बजे अपराह्न** तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को अन्तिम तिथि के अगले दिन अर्थात् **20 अगस्त, 2025** को **11.00 बजे पूर्वाह्न** में विभाग के द्वारा गठित स्थानीय क्रय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि भी उपस्थित रह सकते हैं। विस्तृत जानकारी एवं शर्त्तों को विभागीय वेबसाइट **www.state.bihar.gov.in/ahd** या कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

28/7/25

(डॉ0 राकेश बिहारी अम्बस्टा)
सहायक निदेशक

28/7/2025

## निविदा प्रेषित करने के लिए आवश्यक शर्तें एवं बंधेजः–

- ➢ निविदादाता को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में देनी होगी। दोनों निविदाओं को एक अलग लिफाफा में डालकर एवं सीलबंद कर कार्यालय में जमा करना होगा।
- ➢ निविदादाता को तकनीकी निविदा के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करने होंगे :–
  - **पैवेलियन का डिजाईन**
  - प्रतिष्ठान के **सरकारी निबंधन** प्रमाण पत्र (स्व अभिप्रमाणित)
  - सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत विगत दो वर्षों (वित्तीय वर्ष 22–23 एवं 23–24) का **आयकर रिटर्न** (स्व–अभिप्रमाणित)
  - **जी0एस0टी0** नं0 / पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति (स्व अभिप्रमाणित)
  - **PAN Number** की छायाप्रति (स्व अभिप्रमाणित)
  - प्रतिष्ठान का काली सूची में दर्ज नहीं होने का घोषणा पत्र।
  - सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना के पक्ष में निर्गत **1,00,000/–** (एक लाख रुपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट। सफल निविदादाता को यह राशि मेला समाप्ति के पश्चात एवं असफल निविदादाता को निविदा प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात् लौटा दी जाएगी। इस पर किसी प्रकार का सूद देय नहीं होगा।
  - विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष कम से कम **2 करोड़** रूपये टर्नओवर का प्रमाण–पत्र (सी0ए0 द्वारा प्रमाणित)।
  - राजकीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर मेला एवं प्रदर्शनी इत्यादि में कम से कम तीन वर्षों का कार्यानुभव प्रमाण पत्र।
  - कम से कम **50,00,000.00** (पचास लाख रुपये मात्र) की लागत से सफलतापूर्वक सरकारी प्रदर्शनी स्टॉल का निर्माण का दो कार्यादेश जो विगत तीन वर्षों (वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) का हो। सरकारी स्टॉल के पुरस्कार प्राप्त निविदादाता को प्राथमिकता दी जाएगी।
  - प्रतिष्ठान का ISO प्रमाण पत्र।
  - निविदा की सभी शर्तें मानने का घोषणा पत्र।
  - संस्था को PVT. LTD/Partnership/LLP/Proprietorship होना चाहिये।
  - दो राज्यों में कार्यानुभव को वरीयता दी जायेगी।
  - पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन की हार्ड कॉपी एवं पेनड्राइव में सॉफ्ट कॉपी देना अनिवार्य है।
  - दस्तावेजों की जाँच में योग्य पायी जाने वाली संस्थाओं को ही प्रस्तुतिकरण हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
  - पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन 100 मार्क्स का होगा जिसमें 70 मार्क्स प्राप्त होने पर ही वित्तीय निविदा खोली जा सकेगी।

प्रस्तुतिकरण में निम्न बिन्दुओं को शामिल करना अपेक्षित है :–

- ➢ विभाग के पैवेलियन को आकर्षक ढ़ंग से प्रस्तुत करने की कार्य योजना।
- ➢ पैवेलियन में जीवंत प्रस्तुतिकरण की कार्य योजना।
- ➢ पैवेलियन के मंच की कार्य योजना।
- ➢ मेला परिसर में विभाग के पैवेलियन को सुरक्षित रखने की कार्य योजना।
- ➢ मेला में विभाग के पैवेलियन में दर्शकों को आकर्षित करने की कार्य योजना आदि।

<u>अन्यान्य</u>

- सफल निविदादाता को दिनांक **01–11–2025** को **05.00** बजे अपराह्न तक पैवेलियन का निर्माण कार्य पूरा कर अधोहस्ताक्षरी / नोडल पदाधिकारी को सुपुर्द करना होगा।



28/7/25

- निविदादाता को कार्य समझ कर निविदा प्रस्तुत करना चाहिए तथा विशिष्टियों के अनुरुप ही कार्य निष्पादित करना चाहिए। विशिष्टियों के अनुरुप निष्पादित नहीं किए जाने पर संपूर्ण या आंशिक भुगतान को रोक दिया जा सकता है।
- भूखंड का रकवा घटने पर विभिन्न मदों (आइटम्स) की संख्या में कटौती की जा सकती है। तदनुरूप राशि में भी समानुपातिक कटौती की जायेगी।
- अधोहस्ताक्षरी या नोडल पदाधिकारी के दिशा निदेशानुसार पैवेलियन स्थल पर कार्य निष्पादित करना होगा।
- प्रदर्शनी समाप्त होने के पश्चात निविदादाता को स्वयं ही सामान ले जाना होगा।
- प्राकृतिक आपदा के कारण होनेवाली क्षति की भरपाई सफल निविदादाता को करनी होगी।
- कार्य एवं सामग्रियों के लिए निविदा संपूर्ण मेला अवधि तक के लिए मान्य होगा। मेला की तिथि घटने या बढ़ने की स्थिति में अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।
- किसी भी निविदा को संपूर्ण या आंशिक रुप से रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
- इस कार्य हेतु किसी प्रकार का अग्रिम देय नहीं होगा।
- **सभी कार्य अवयवों को संलग्न पृष्ठ पर अंकित कर दिया गया है। इसी पृष्ठ पर दर को अंकित कर सीलबंद वित्तीय लिफाफा में डालकर जमा करना होगा।**
- विपत्र का भुगतान पशुपालन सूचना एवं प्रसार, बिहार, पटना के कार्यालय/उनके द्वारा सूचित किसी अन्य कार्यालय से होगा तथा विपत्रों पर भुगतान के समय नियमानुकूल कर (जी0एस0टी0 आदि) की कटौती कर ली जायेगी।
- सेवा/कार्य में त्रुटि होने पर न्यूनतम 5 प्रतिशत या उससे उपर राशि की कटौती विपत्र भुगतान के समय की जायेगी, जो वस्तुतः त्रुटि के अनुरूप ही होगी।
- निविदादाता को निविदा पर एक प्रमाण पत्र देना होगा–

**"प्रमाणित किया जाता है कि निविदा की सभी शर्तें मुझे मान्य है तथा मैं कार्य का निष्पादन निविदा के अनुरुप करुंगा अन्यथा मेरे भुगतान पर विचार नहीं किया जाएगा"।**

28/7/25

(डॉ0 राकेश बिहारी अम्बस्टा)
सहायक निदेशक

# पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार
## ऑफ पोलो रोड, पटना

## सोनपुर मेला, 2025 हेतु कार्य अवयव की विवरणी

| क्र0सं0 | सामग्री के साथ कार्य का विवरण | मात्रा / क्षेत्रफल | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | जर्मन हैंगर की स्थापना (जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध भू–खण्ड) | अधिकतम 10000 वर्गफुट (भूखंड का रकवा कम अथवा अधिक हो सकता है। अतः हैंगर निर्माण हेतु प्रति वर्ग फीट का दर दें।) | |
| 2 | थीमैटिक डिजाइन वाली फेसिया का निर्माण, जो सामने की ओर आकर्षक हो | | |
| 3 | अन्दर–बाहर जाने के द्वार | 2 संख्या | |
| 4 | लकड़ी का फर्श और कारपेटिंग | प्रति वर्ग फीट दर | |
| 5 | सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु स्टेज का निर्माण | 1 संख्या | |
| 6 | बैकलिट पैनल की डिजाइनिंग, प्रिंटिंग एवं संस्थापन | 40 संख्या | |
| 7 | वीआईपी लाउंज, कालीन के साथ वीआईपी लाउंज का निर्माण, जिसमें 5 सेट गेस्ट सोफा, सेन्टर टेबल (10 संख्या), सर्विस टेबल, रूम फ्रेशनर, मच्छर भगाने की दवा, कपड़े की छत, लकड़ी के पट्टे, थीम आधारित लाइट शेड, दीवारों, छत, सैनिटरी फिटिंग, वॉश बेसिन, टॉयलेट के लिए पानी का कनेक्शन, सीवरेज गड्ढ़ा आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। टॉयलेट की सफाई के लिए 2 सफाईकर्मी रोजाना, ब्लीचिंग पाउडर, फिनाईल आदि का उपयोग करें। | | |
| 8 | फूलों की सजावट एवं गमले | | |
| 9 | उद्घाटन की व्यवस्था | | |
| 10 | विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार | 5 संख्या | |
| 11 | स्टॉल का निर्माणः प्रदर्शनी स्टॉल और काउंटर स्थापित करना (कुर्सी –टेबुल सहित ) | 8 संख्या | |
| 12 | सेल्फी प्वाइंट | 1 संख्या | |
| 13 | पैवेलियन में साउंड सिस्टम की स्थापना | आवश्यकतानुसार | |
| 14 | मंच के सामने फर्नीचरः सोफा– 4, टेबल– 6 प्लास्टिक कुर्सी– 100 वीआईपी चेयर– 5 आदि | दिए गए संख्या के अनुरूप | |
| 15 | पैवेलियन के अन्दर और बाहर सी0एफ0एल0, टयूब लाइट, मेटल लाइट, स्विच सॉकेट और थीमैटिक क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था (50 संख्या) | आवश्यकतानुसार | |
| 16 | सी0सी0टी0वी0 | आवश्यकतानुसार | |
| 17 | लगभग 6–8 स्टॉल में प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए विश्राम कक्ष जिसमें बिस्तर, तकिया, कंबल, तौलिया और शौचालय 2 संख्या शामिल हो। | | |
| 18 | पीने के पानी की व्यवस्था, डिस्पोजल गिलास। डस्टबिन 5 जगहों पर। | | |
| 19 | एल0ई0डी0 डिस्प्ले (आकारः 20'x10') जिसमें साउंड सिस्टम, एम्प्लीफायर– 1, वायरलेस माइक– 2 हो। | 1 संख्या | |
| 20 | विद्युतः पर्याप्त विद्युत आपूर्ति और विश्वसनीय पावर बैकअप (जेनरेटर) के साथ इलेक्ट्रिकल कनेक्शन | | |



28/7/25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21 | वीडियो / फोटोग्राफी की व्यवस्था (उद्घाटन एवं समापन तिथि को ) | | |
| 22 | अग्नि सुरक्षाः फायर एक्सटिंग्विशर | 10 संख्या | |
| 23 | सुरक्षा गार्ड (कम से कम 4 व्यक्ति 24 घंटे प्रतिदिन ) | | |
| 24 | अन्यान्य | | |

28/7/25

सहायक निदेशक,
पशुपालन सूचना एवं प्रसार
बिहार, पटना